रविवार, 22 फरवरी 2025
वर्ष 6, अंक 53, पृष्ठ 14
2 राज्य, 4 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अख़बार

**PAGE NO : 06 BOTTOM**

## स्पोर्ट्स स्टेडियम ने हाइटेक हॉस्पिटल वाराणसी को हराया



बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन शुक्रवार को हाईटेक हॉस्पिटल वाराणसी और स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली और ठेकेदार इलेवन बरेली और राजश्री क्लब बरेली के बीच मैच हुए। पहले मैच में स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली ने हाइटेक हॉस्पिटल वाराणसी को आठ विकेट से हराया। दूसरे मैच में ठेकेदार इलेवन बरेली ने राजश्री क्लब बरेली को 121 रन से करारी शिकस्त दी। स्पोर्ट्स स्टेडियम के लिए एक विकेट लेने के साथ 35 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाने वाले माजिद हसन खान को मैन आफ द मैच चुना गया। शुक्रवार के दूसरे मैच में ठेकेदार इलेवन बरेली के विकास सिंह ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट का पहला शतक लगाया। उन्होंने मात्र 67 गेंदों पर 9 छक्कों और 12 चौकों की मदद से 127 रन बनाए। विकास को मैन आफ द मैच चुना गया।